# जीईएम पोर्टल पर खरीदारी का आंकड़ा एक लाख करोड़ के पार

## उपलब्धि

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** सरकारी खरीद से जुड़े ऑनलाइन पोर्टल गवर्नमेंट ई मार्केट प्लेस यानि जीईएम की ऑर्डर वैल्यू एक लाख करोड़ रुपये के पार हो गई है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक ट्वीट में इस पोर्टल की उपलब्धि का जिक्र करते हुए कहा कि यह जानकार खुशी हुई कि जीईएम इंडिया ने एक साल में ही एक लाख करोड़ रुपये मूल्य का ऑर्डर हासिल किया। यह पिछले वर्षों की तुलना में बहुत बड़ी वृद्धि है। उन्होंने कहा कि जीईएम मंच खास तौर पर एमएसएमई इकाइयों को मजबूत कर रहा है क्योंकि 57 फीसदी ऑर्डर मूल्य एमएसएमई क्षेत्र से ही आ रहा है।

वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि छोटे कारोबारी, महिला कारोबारी, स्टार्टअप और कारीगरों का अतुल्य योगदान रहा है।

**57** फीसदी ऑर्डर एमएसएमई क्षेत्र से आ रहे हैं इस पोर्टल पर

**40** लाख से ज्यादा छोटे-बड़े विक्रेता इस पोर्टल से जुड़े


**52** लाख से ज्यादा उत्पाद रजिस्टर्ड हैं पोर्टल पर बिक्री के लिए

### बीते छह वर्षों में ऐसे बढ़ी ऑर्डर वैल्यू




*आंकड़ा ज्यादा हो सकता है। राशि करोड़ रुपये में।

### लगातार बढ़ रही खरीदारों की संख्या




### 40 लाख से ज्यादा विक्रेता जुड़े




## 2016 में हुई थी इसकी शुरुआत

इस पोर्टल की सरकारी खरीद के मकसद से वर्ष 2016 में की गई थी। सभी सरकारी दफ्तरों के लिए जरूरी सामान की खरीद इसके जरिए की जाने लगी है। कुल 52.76 लाख उत्पाद बिक्री के लिए रजिस्टर्ड हैं। लॉन्च से अब तक इस पोर्टल के जरिए करीब सवा दो लाख करोड़ रुपये का कारोबार हो चुका है।

## छोटे शहरों के कारोबारियों को मिला बड़ा प्लेटफॉर्म

सरकार का लक्ष्य तमाम छोटे कारोबारियों को एक पक्का बाजार मुहैया कराना रहा है। इस पोर्टल के जरिए कारीगरों, बुनकरों और विक्रेताओं को ये प्लेटफॉर्म दिया गया है। इसके जरिए उन्हें अपने उत्पादों की बिक्री के लिए बड़ा बाजार मिल जाता है। साथ ही सरकारी खरीद में भी पारदर्शिता बनी रहती है।